तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 कड़ी सुरक्षा के बीच बंटी बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामाग्री



12 अब शहर के प्रमुख चौक चौराहों की तीसरी आंख...



## खबर संक्षेप

### लिमतरा में शिवमहापुराण कथा आज से

**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के खेल मैदान में संगीतमय शिवमहापुराण कथा 18 से 22 फरवरी तक दोपहर एक से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई है। कथावाचक कामता प्रसाद शरण होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण जुटे हैं।



### कॉम्पटेक कालेज में आज बीसीए की प्रोजेक्ट परीक्षा

**धमतरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बीसीए अंतिम वर्ष की प्रोजेक्ट परीक्षा आज कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में प्रातः 8 बजे से आयोजित होगी। सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से प्रोजेक्ट की हार्ड कॉपी, डेवलप किए सॉफ्टवेयर की सॉफ्ट कॉपी के साथ प्रेजेंटेशन के लिए नियत समय पर उपस्थित होवें। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव कॉम्पटेक महाविद्यालय ने दी।

### डेमेन्द्र ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर के छात्र डेमेंद्र कुमार सोम पिता संदीप कुमार सोम ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शाला और गांव का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर सरपंच सोमनाथ सोम, मनिहार नाग, प्रधानपाठिका श्रीमती उमेश्वर साहू, हेमिन गंजीर, श्रीमती सपना लोन्हारे, नूतन कश्यप, अन्नपूर्णा नाग ने हर्ष जताया है।

### जलस्त्रोतों का होगा क्लोरीनेशन, गांव-गांव घूमेंगे मैकेनिक

# गर्मी से पहले जल संकट से निबटने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी से पहले जल संकट से निबटने के लिए पीएचई ने तैयारी शुरू कर दी है। कंट्रोल रूम भी बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मरम्मत के लिए पाट्‌र्स भी स्टोर कर लिए गए हैं। गर्मी शुरू होने से पहले सभी जलस्त्रोतों का क्लोरीनेशन भी किया जाना है।

जिले में इस साल दलहन-तिलहन का रकबा बढ़ा है। इसके बाद भी बड़े क्षेत्रफल में धान की खेती हो रही है। धान में सिंचाई के लिए कृषिपंप अभी से चलने लगे हैं। मार्च माह से ये सभी मोटरपंप लगातार चलेंगे। इससे जलस्तर में गिरावट का अंदेशा बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए पीएचई ने अभी से पेयजल संकट से निबटने की तैयारी शुरू कर दी है। जिले के 623 गांवों में 10 हजार 183 हैंडपंप हैं, जिसे अपडेट कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त 513 नलजल योजना, 112 स्थल जल योजना और 550 सोलर सिस्टम को अपडेट कर लिया गया है। बीच में आने वाली छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न स्तरों पर टीम का गठन किया जा रहा है। राइजिंग पाइप व स्पेयर पाट्‌र्स का स्टाक भी रख लिया गया है।

### फरवरी-मार्च माह में क्लोरीनेशन

फरवरी माह से ही गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है। गर्मी में जल जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। इस स्थिति से निबटने के लिए पीएचई द्वारा जलस्त्रोतों का क्लोरीनेशन किया जाएगा। फरवरी-मार्च माह में क्लोरीनेशन का काम किया जाना है। विभागीय टीम गांव-गांव घूमकर नलकूप सहित अन्य जलस्त्रोतों का क्लोरीनेशन करेगी।



### हर मैकेनिक की रहेगी अलग टीम

पीएचई विभाग में 30-35 मैकेनिक और अनुभवी हेल्पर हैं। इन सभी को अलग-अलग टीम दी गई है। ये मैकेनिक पूरे जिले को कवर करेंगे। इस हिसाब से एक टीम को करीब 20 गांव का चार्ज दिया जाएगा, जो जल संकट की स्थिति में गांव-गांव घूम मरम्मत कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। यही नहीं जरूरत पड़ने पर जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू कर नलकूप खनन पर प्रतिबंध भी लगाया जाएगा।

# बंजारी के बंदोबस्त में त्रुटि, सुधार की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भखारा तहसील के ग्राम बंजारी में पुनः बंदोबस्त करने की मांग ग्रामीणों ने की है। सोमवार को ग्राम बंजारी के ग्रामीण गोपाल टंडन, छबिराम, मानसिंग, गिरधारी रजउ, अमीन ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने भखारा तहसील के ग्राम बंजारी पटवारी हल्का नंबर 8 का पुनः बंदोबस्त कराने की मांग की है। गांव में किसानों की जमीन के नक्शे में त्रुटि हो गई है। किसी किसान की जमीन कम तो किसी की ज्यादा जमीन का रिकार्ड पोर्टल में दिख रहा है। सभी किसानों की जमीन का नया एवं पुराना नक्शा खसरा मिलान कर सुधार किया जाए और नया बंदोबस्त जारी करने के बाद किसानों को कब्जा दिया जाए। उन्होंने बताया कि साल भर पूर्व कलेक्टर को नया बंदोबस्त कराने का आवेदन किया जा चुका है लेकिन अब तक बंदोबस्त की प्रक्रिया नहीं हुई है।

# सनकी युवक ने स्कूल में घुसकर तीसरी के बच्चे को बेरहमी से पीटा

- स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, भानपुरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक सनकी युवक ने दीवार फांदकर स्कूल में प्रवेश कर खाना खाने निकले तीसरी कक्षा के एक छात्र की लाठी से बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। इस घटना ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र स्थित शासकीय मिडिल स्कूल में लंच ब्रेक हुआ था। बच्चे कक्षा से निकलकर स्कूल परिसर में खाना खा रहे थे। इसी दौरान एक सनकी युवक ने दीवार फांदकर स्कूल में प्रवेश कर टायलेट के पास खड़े तीसरी कक्षा के एक छात्र पर बिना किसी कारण के लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। मारपीट में बच्चे के चेहरे, पैर व पीठ में चोट आई है। घटना में बच्चा घायल हो गया। बच्चे की पिटाई करने के बाद सनकी युवक मौके से भाग गया। दर्द से कराहते बच्चे को देख स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल से घर पहुंचकर छात्र ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पिता चेतन निर्मलकर घायल बच्चे का उपचार कराने उसे अस्पताल ले गया। तत्पश्चात अर्जुनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। बच्चे से मारपीट करने वाले का नाम डोमार ध्रुव ग्राम भानपुरी निवासी बताया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घायल छात्र के पिता ने मीडिया को बताया कि जिस युवक ने स्कूल में घुसकर बच्चे की पिटाई की है, उसे वह जानता है। वह पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है। पुलिस उसे कई बार पकड़कर ले गई है। पीड़ित पिता ने सनकी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि वह इस तरह की हरकत करता रहता है। इससे बच्चों पर खतरा बना रहता है।





### पालकों की चिंता बढ़ी

भानपुरी स्कूल की घटना ने स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कोई बाहरी व्यक्ति बिना स्कूल प्रबंधन की जानकारी में आये अनाधिकृत रूप से स्कूल में प्रवेश कर बच्चों से मारपीट करने जैसी गंभीर घटना को अंजाम दे रहा है। इस घटना के बाद पालकों की चिंता बढ़ गई है।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

- गुहाननाला में हुआ हादसा, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

दुगली थाना अंतर्गत गुहाननाला में दो बाइक में जबरदस्त टक्कर हुई। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक नगरी ब्लॉक मुख्यालय से घर की ओर तेज रफ्तार से एक से अधिक लोगों के साथ जा रहा था। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल में दो पुरुष सहित एक महिला सवार थी। इसमें चमेंदा निवासी पुनीत दास, महेश दास, फुलेश्वरी अपनी मौसी के यहां काठी कार्यक्रम शकरवारा से घर आ रहे थे। अपने गांव से 20 किलोमीटर दूर आए थे। पुनीत दास ने बताया कि वे नगरी ओर आ रहे थे। दोनों गाड़ियों में जबरदस्त टक्कर हुई। तेज रफ्तार डीलक्स गाड़ी से आ रहे युवक दिलीप नेताम पिता शिव कुमार उम्र 23 अपने गांव से कोलियारी जा रहा था। वह मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक सीजी 05 एच 4909 में सवार था। घटना में उसकी मौत हो गई। धमतरी से आ रहे व्यक्ति की मदद घायलों को नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के पुनीत दास, महेश दास, फुलेश्वरी के हाथ पैर में चोट आने के कारण धमतरी रेफर किया गया है।





## खबर संक्षेप

### विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए आवेदन 18 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 फरवरी है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास और न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले पुरूष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

### छग महतारी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश पंजीयन प्रारंभ

**कुरूद।** जय मां काली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरूद में चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। हिंदू नववर्ष के आगमन के साथ इस वर्ष भी मंदिर परिसर में 19 मार्च से 27 मार्च तक नवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के लिए श्रद्धालुओं का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। मंदिर समिति के प्रबंधक सेवकराम साहू ने बताया कि जो श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराना चाहते हैं, वे मंदिर पुजारी महाराज या मंदिर कार्यालय में संपर्क कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। तेल ज्योति कलश के लिए 801 रुपये तथा घी ज्योति कलश के लिए 1501 रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

### पीएम अनुसूचित जाति ऋण योजना शिविर 20 फरवरी को

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति ऋण (पीएम अजय) योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चटौद में विशेष शिविर का आयोजन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत अधिकतम 1 लाख रुपये तक ऋण स्वीकृत किया जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 50 हजार रुपये) का प्रावधान है। योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र आवेदकों को दिया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से पात्र युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## निधन

### गैंदराम साहू



**बगदेही(धमतरी)।** बगदेही निवासी गैंदराम साहू का हृदय गति रुकने से 17 फरवरी को स्वर्गवास हो गया। वे सनत साहू, कामता साहू पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### दुलौरिन बाई देवांगन



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी दुलौरिन बाई देवांगन उम्र 84 वर्ष का अस्वस्थता के चलते 17 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अयोध्या प्रसाद, अवधराम, अमरु राम, मोतीराम देवांगन की माता और पत्रकार पामेश देवांगन की दादी थीं। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

---

### प्रशासकीय कमेटी का गठन : अध्यक्ष महेंद्र, टोपराम उपाध्यक्ष बने

# नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी खट्टी को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

जिले की नवीन नगर पंचायत बड़ी करेली खट्टी के संचालन हेतु अंतरिम समिति का गठन किया गया। यह गठन स्थानीय प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। गठित समिति में कुल सात सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें नेतृत्व की जिम्मेदारी अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र साहू को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। जबकि टोपराम सोनकर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अन्य सदस्यों में कुशलकांत साहू, इन्दु साहू, वीरेंद्र सोनवानी, चोवाराम निषाद और प्रदीप सिन्हा शामिल हैं।

शासन का मानना है कि विविध सामाजिक प्रतिनिधित्व वाली यह समिति प्रशासनिक निर्णयों में संतुलन और जनहित की प्राथमिकता सुनिश्चित करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह गठन केवल औपचारिक व्यवस्था नहीं, बल्कि प्रशासनिक नियंत्रण और स्थानीय निकायों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने की रणनीति का हिस्सा है। विकास कार्यों में तेजी, योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद बढ़ी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि नई समिति क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और जनसुविधाओं से जुड़े लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देगी। खासकर विकासशील क्षेत्र होने के कारण बड़ी करेली खट्टी में योजनाओं के बेहतर समन्वय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। राजपत्र में अधिसूचना जारी होने के साथ ही नगर पंचायत बड़ी करेली की प्रशासनिक बागडोर अब नई समिति के हाथों में सौंपी गई है। नवनियुक्त नवीन नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि नवीन नगर पंचायत बनने के बाद नगर विकास सहित जनता के अनुरूप कार्य कर तेजी से विकास किया जाएगा। नगरवासियों के सहयोग से सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित होगा।


महेंद्र साहू


टोपराम सोनकर


अजय चंद्राकर

### आज उद्योग-बैंकर्स संवाद पर कार्यशाला

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी द्वारा रैम्प योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह तथा नवाचारों को बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न वित्तीय सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन 18 फरवरी को दोपहर 3 बजे रुद्री रोड एक रिसोर्ट में होगा। कार्यशाला में पीएमईजीपी योजना की समीक्षा, विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित ऋण योजनाओं की जानकारी, एमएसएमई इकाइयों से संबंधित वित्तीय समस्याओं के समाधान, क्रेडिट लिंक योजनाएं (सीजीटीएमएसई, पीएमईजीपी आदि) तथा उद्यमियों और बैंकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। तैयारी में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी के लोकपाल खांडेकर, प्रशांत चंद्राकर प्रबंधक, प्रचेता किरण, जगमोहन एक्का प्रबंधक जुटे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की जल्द मिलेगी वित्तीय स्वीकृति

■ शहर से लेकर गांव तक धमतरी का हो विकास, यही हमारा लक्ष्य : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

क्षेत्र में विकास की उम्मीदें अब अपना आकार ले रही हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की वित्तीय स्वीकृति बेहद जल्द मिलने वाली है। प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती साहू ने बताया यह मांगें क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग थी। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ के प्रत्येक क्षेत्र के विकास के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में धमतरी के ग्राम छाती से देवपुर होते हुए गागरा, कंडेल, देवपुर तक 9 किमी सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, बेंद्रानवागांव मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के साथ ही ग्राम गुजरा से ग्राम दर्री तक 3 किमी सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्य हैं। शासन से लगातार पत्राचार और मुख्यमंत्री से बात करके उनसे अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहज रूप से स्वीकार कर बजट में शामिल किया था जिसकी अब वित्तीय स्वीकृति भी जल्द होने जा रही है। जल्द इन तीनों प्रमुख सड़कों का कार्य प्रारंभ होगा। शहर से लेकर गांव तक धमतरी का विकास हो यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।



उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

## फिट फ्यूजन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

■ रस्सीकूद में किरण एवं त्रिटंगी दौड़ में वंदना रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं आईक्यूएसी और प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बेस्ट प्रैक्टिस अंतर्गत फिट फ्यूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैडमिंटन, त्रिटंगी दौड़ और रस्सीकूद की प्रतियोगिता रखी गई। बैडमिंटन युगल पुरूष में नितिन एवं तुषार प्रथम तथा महिला में वंदना साहू एवं डॉली देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सीकूद प्रतियोगिता में किरण प्रथम एवं दिव्या द्वितीय रही। त्रिटंगी दौड़ में वंदना साहू एवं सेजल प्रथम रहे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ हेमवती ठाकुर ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो गोविन्द प्रसाद साहू, सहायक प्राध्यापक भीखमलाल सायतोडे, उमा द्विवेदी मिश्रा, दीपाली साहू एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ तामेश्वरी साहू समेत अन्य विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## जीवन जीने की कला है रामचरित मानस : अजय

■ बगदेही के मानसगान सम्मेलन में विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

ग्राम बगदेही में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय मानसगान प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक महाकुंभ के अवसर पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि रामचरित मानस न केवल एक धर्मग्रंथ है, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने मानस मंडलियों के गायन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित किया और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रसिद्ध मानस मंडलियां हिस्सा ले रही हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में रामकथा के माध्यम से सामाजिक समरसता और आदर्शों की प्रस्तुति दी जा रही है। आयोजन समिति ने विधायक को शाल, श्रीफल देकर स्वागत किया।



मौके पर संतोष निर्मलकर, दीपक साहू, महेंद्र साहू, टेमन साहू, बीरेंद्र साहू, चोवा साहू, दीपक यादव, ईश्वर साहू, जितेश निर्मलकर, ठाकुर राम साहू, गिरधारी साहू, विष्णु विश्वकर्मा, खम्हन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## राजिम कुंभ महोत्सव में 21वें वर्ष भी गूंजी निरंजन की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होने वाले राजिम कुंभ महोत्सव के मुख्य सांस्कृतिक मंच पर इस वर्ष भी सुप्रसिद्ध कवि एवं एंकर निरंजन साहू ठहाका की दमदार आवाज गूंजती रही। वर्ष 2005 से लगातार मंच संचालन कर रहे साहू इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घोषकों में सबसे वरिष्ठ माने जाते हैं। पिछले 21 वर्षों से वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कमान संभालते आ रहे हैं।

धमतरी जिले के बिरेझर निवासी निरंजन साहू वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में अंग्रेजी के वरिष्ठ व्याख्याता हैं। हास्य-व्यंग्य उनकी लेखनी की विशेष पहचान है, जिसके लिए उन्हें 2010 में ठहाका सम्मान से नवाजा गया। हिंदी और छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में सशक्त रचनाएं करने वाले साहू मंच संचालन के दौरान मौके पर शेर-ओ-शायरी गढ़ने में भी दक्ष हैं।

वे सलमान खान, करीना कपूर, बाबा सहगल, उदित नारायण, अभिजीत भट्टाचार्य, हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, कविता पौडवाल, स्वाति मिश्रा, लखबीर सिंह लक्खा, हंसराज रघुवंशी, राजेंद्र जैन जैसे बड़े सितारों की भी होस्टिंग कर चुके हैं। उनकी ओजस्वी वाणी से महोत्सव का माहौल हर वर्ष ऊर्जा और उत्साह से भर उठता है।

## 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य मनोज टंडन ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। शाला समिति के सदस्य शेखर साहू और यशवंत साहू ने बच्चों को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तुषेन्द्र तरार, फरजाना अली, मंजुलता ध्रुव, गीता यादव, रजनीश साहू, रुस्तमसिंह, हरिशंकर नेताम, अनामिका साहू, प्रेमिन साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रामपुर स्कूल में विदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई देने के साथ खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कक्षा समारोह में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। सभी ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों का मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया। कोटा स्टेडियम रायपुर में हुई 400 मीटर दौड़ में छत्रपाल , नारदहा रायपुर के खो-खो में भेमानन्द , टुकेश्वरी ने सरायपाली महासमुंद में आयोजित खो-खो स्पर्धा में भाग लिया। इंटरामुरल खेल के विजेता खिलाड़ी भी सम्मानित हुए।



इस आयोजन में प्राचार्य एमआर मनहर, उपप्राचार्य आर के बघेल, व्याख्यातागण आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, जे ध्रुव, पी शर्मा, एस साहू, एम ठाकुर, ओमेश्वरी साहू समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा ग्रामीण अंचल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

महाशिवरात्रि पर्व पर ब्लॉक के गांवों में हर-हर महादेव गूंजा। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुंडी, छिपली, लुगे, राजपुर, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा डाभा, करेली छोटी, मेघा, अरौद, गिरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, खैरझिटी मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बेल पत्र, जल, दूध, चावल, नारियल, फूल भोलेनाथ में अर्पित किया। कई गांवों में शिवलिंग स्थापित किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में पूजा होती रही। मंदिरों में हवन यज्ञ पूजन के बाद भक्तों को खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा गया।

### युवा नशे की गिरफ्त से बाहर निकलें और देश की ढाल बनें : राखी

# ग्राम खिसोरा के वीर जवानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

धमतरी जिले के ग्राम खिसोरा ने जहां आजादी की लड़ाई के दौरान आधे दर्जन वीर सुराजी सिपाही दिए हैं, उसी गांव के केवेन्द्र साहू, रोशन कश्यप और चंद्रशेखर देश की सीमाओं पर अभेद दीवार बनकर देश की रक्षा करेंगे। देश के बहुप्रतिष्ठित सैन्य बल सीआरपीएफ में खिसोरा के इन युवाओं का चयन कोई साधारण बात नहीं है। इन युवाओं की मेहनत और मजबूत इरादों का प्रतिफल है। गांव के खेत की पगडंडियों से चलकर राजधानी दिल्ली की पैरामिलिट्री फोर्स तक का सफर तय करना हर किसी के बस की बात नहीं है। यह तो केवल देश प्रेम से सने, जज्बाती और फौलादी व्यक्तित्व के युवाओं के लिए ही संभव है।





मातृभूमि अधिकारी कर्मचारी संगठन खिसोरा के तत्वावधान में देशप्रेम से सराबोर सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन चौदह फरवरी को गांधी चौक में किया गया। सेना से प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे केवेन्द्र साहू एवं नवचयनित जवान रोशन कश्यप एवं चंद्रशेखर नगारची का सम्मान किया गया। इन वीर जवानों के अभिनंदन में विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष केपी साहू ने कहा कि यह सम्मान केवल मंच पर आसीन भूतपूर्व और नवचयनित सैनिकों का सम्मान नहीं है, बल्कि यह देश के उन तमाम सैनिकों का सम्मान है जो देश की सीमा पर रात-दिन, सर्दी, गर्मी और बरसात में भी डटे हुए हैं और देश की सेवा का महान कार्य कर रहे हैं।

सूबेदार टीके साहू ने कहा कि आज का दिन पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत को याद करने का दिन है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच श्रीमती राखी साहू ने कहा कि आज नशा युवाओं की प्रमुख समस्या है। उन्होंने युवाओं से नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने और देश की ढाल बनने का आग्रह किया।

अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा सैनिकों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिशंकर पटेल व आभार प्रदर्शन अधिकारी कर्मचारी संगठन खिसोरा के अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक नंदकुमार साहू, अधिकारी कर्मचारी संगठन के सदस्य कोमल निर्मलकर, नीलकमल साहू, जितेंद्र साहू, दिनेश बंसोर, हितेश बंसोर, जितेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, ऋषि पटेल,वाकेश यादव, ओमप्रकाश साहू, डीहूर निषाद, मदन साहू, छबिलाल साहू, चन्द्रहास साहू, लोकेश निर्मलकर एवं विजय कश्यप की विशेष भूमिका रही।

इस अवसर पर सैनिक सेवा परिषद के सदस्य रूपेंद्र साहू, लक्षणलाल साहू, चमनलाल ध्रुव, केबीराम सिन्हा समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल भखारा भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक/Q/रा.नि./2026 भखारा दिनांक 16/02/2026

प्रति,

1. गौतम पिता, कंवरलाल नि. बगौद
2. तिलोकचंद जैन पि. भंवरलाल जैन नि. बगौद
3. राकेश कुमार पि. कंवरलाल नि. बगौद
4. दिलीप कुमार पि. कुंवरलाल नि. बगौद
5. भागचंद पि. कंवरलाल नि. बगौद
6. प्रेम जैन पि. भंवरलाल जैन
7. मोहन जैन पि. भंवरलाल जैन
8. ओमप्रकाश जैन पि. रानूलाल जैन
9. महावीर जैन पि. रानूलाल जैन
10. योगेश जैन पि. ओमप्रकाश
11. नरेन्द्र जैन पि. कंवल जैन

विषयः-सीमांकन/त्रुटि सुधार/स्थल जांच निरीक्षण करने बाबत्।

संदर्भः-कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरुद जिला धमतरी के क्र. 22/अ.वि.अ./वाचक/2026 कुरुद दि. 05/01/2026 के अनुसार।

आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम पिता कंवरलाल जाति जैन निवासी ग्राम बगौद कास्तकार ग्राम बंजारी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 214 रकबा 1.08. हे. का सीमांकन/त्रुटि सुधार/स्थल जांच निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन/स्थल जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 23/02/26 समय 11.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेंगे।

राजस्व निरीक्षक भखारा — राजस्व निरीक्षक भठेली

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल भठेली भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक/Q/रा.नि./2026 भखारा दिनांक 16/02/2026

प्रति,

1. दिलीप कुमार पि. कंवरलाल नि. बगौद
2. भागचंद पि. कंवरलाल
3. गौतम पि. कंवरलाल
4. राकेश कुमार पि. कंवरलाल
5. त्रिलोक जैन पि. भंवरलाल जैन
6. प्रेम जैन पि. भंवरलाल जैन
7. मोहन जैन पि. भंवरलाल जैन
8. ओमप्रकाश जैन पि. रानूलाल जैन
9. महावीर जैन पि. रानूलाल जैन
10. योगेश जैन पि. ओमप्रकाश
11. नरेन्द्र जैन पि. कंवल जैन

विषयः-सीमांकन/त्रुटि सुधार/स्थल जांच निरीक्षण करने बाबत्।

संदर्भः-कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरुद जिला धमतरी के क्र. 20/अ.वि.अ./वाचक/2026 कुरुद दि. 05/01/2026 के अनुसार।

आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार पिता कंवरलाल जाति जैन निवासी ग्राम बगौद कास्तकार ग्राम बंजारी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 213 रकबा 1.40 हे. का सीमांकन/त्रुटि सुधार/स्थल जांच निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन/स्थल जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 23/02/26 समय 11.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेंगे।

राजस्व निरीक्षक भखारा — राजस्व निरीक्षक भठेली

85 केंद्रों में 20 फरवरी से होगी परीक्षा, तैयारियां अंतिम चरण पर

# कड़ी सुरक्षा के बीच बंटी बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण पर पहुंच गई हैं। शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी स्थित समन्वय केंद्र में गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया।

जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष समन्वय केंद्र पहुंचे और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गोपनीय सामग्री प्राप्त की। इसके पश्चात सामग्री को पुलिस सुरक्षा में संबंधित क्षेत्र के थानों में सुरक्षित जमा कराया गया। परीक्षा तिथि के अनुसार इन्हें निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

### नगरी, कुरूद ब्लॉक में एक-एक नया परीक्षा केंद्र

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं मार्च के बजाय फरवरी से आयोजित की जा रही हैं। जिले में इस बार नगरी और कुरूद ब्लॉक में एक-एक नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अब कुल 85 केंद्रों में परीक्षाएं संपन्न होंगी।

### बारहवीं की परीक्षा 20 फरवरी से

20 फरवरी को भूगोल और भौतिक शास्त्र से बारहवीं की परीक्षा प्रारंभ होगी। इसके बाद 23 फरवरी को राजनीति विज्ञान, 25 को संस्कृत, 27 को जीवविज्ञान, 2 मार्च को गणित, 7 को समाजशास्त्र, 10 को अंग्रेजी, 12 को इतिहास, 14 को हिन्दी और 18 मार्च को मनोविज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी

### दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी से

दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी को हिन्दी विषय से शुरू होगी। 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 को सामाजिक विज्ञान, 28 को विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को संस्कृत का पेपर आयोजित किया जाएगा।

### 18 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

जिले के 85 केंद्रों में आयोजित इन परीक्षाओं में दसवीं के 10,441 और बारहवीं के 7,812 परीक्षार्थी शामिल होंगे। शिक्षा विभाग ने परीक्षा संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं।

# अधिवक्ता अब खेल के मैदान में लगायेंगे चौके-छक्के

■ जिला अधिवक्ता संघ आज से 21 फरवरी तक मनायेगा खेल पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कानून की बहस में माहिर अधिवक्ता अब खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा और टीम स्पिरिट का प्रदर्शन करेंगे। जिला अधिवक्ता संघ द्वारा 18 से 21 फरवरी तक खेल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

18 फरवरी को कैरम एकल (महिला/पुरुष) और शतरंज से प्रतियोगिता का आगाज़ होगा। 19 फरवरी को कैरम युगल मुकाबले खेले जाएंगे। 20 फरवरी को कुर्सी दौड़, मटका फोड़, स्लो सायकल रेस और गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक व मनोरंजक खेलों से माहौल रोमांचक बनेगा। 21 फरवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ खेल पखवाड़ा का समापन होगा।

कैरम एकल एवं शतरंज के लिए 151 रुपये प्रति व्यक्ति, कैरम युगल के लिए 251 रुपये प्रति टीम, पारंपरिक खेलों के लिए 30 रुपये प्रति व्यक्ति तथा क्रिकेट के लिए 1501 रुपये प्रति टीम प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है।

क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम बिंद्रानवागांव (रूद्री) के खेल मैदान में आयोजित होगी, जहां सभी टीमों को सुबह 9:30 बजे तक उपस्थित रहना अनिवार्य है। सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पीयूष कुमार देवांगन ने कहा कि यह आयोजन अधिवक्ताओं के बीच नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# गायत्री परिवार मुजगहन ने किया रुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम मुजगहन के धुनादास मंदिर प्रांगण में स्थित भगवान शिव का गायत्री परिवार के आचार्य द्वारा रुद्राभिषेक कर ग्रामवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की गई।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ आचार्य धन्वंतरि नाग द्वारा बताया गया कि रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों के उपर विशेष कृपा करते हैं जिससे उनके जीवन में सुख समृद्धि आती है। जीवन की सभी कठिनाइयों का समाधान होता है। शिवलिंग पर 108 बार बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ। परिजनों द्वारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र साहू, राधिका साहू, जिला समन्वयक दिलीप नाग, मोहन गंजीर, प्रज्ञा पीठ के अध्यक्ष भागवत सिन्हा, उपाध्यक्ष लाला राम साहू, पुनवाराम साहू, गोविन्द सिन्हा, श्रीमती चित्रलेखा सिन्हा, डामिन नाग, मनीषा नाग, रंजन गंगवंशी, गौरी साहू, मनीषा सेन, सुनीता नाग, ओमप्रकाश नाग, शेषनारायण साहू, रश्मि साहू सहित बहुत संख्या में परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सत्रह दिन बाद दिव्यांग शिवकुमार को मिली नई ट्रायसिकल



**धमतरी।** नवागांव वार्ड निवासी शिव कुमार नवरंग, जो दिव्यांग होने के बावजूद क्षेत्र में सेवा कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं, को 17 दिनों की परेशानी के बाद नई ट्रायसिकल मिल गई। शिवकुमार राशन दुकान से सामान लाने में असमर्थ लोगों तक राशन पहुंचाने, सरकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर देने, स्वास्थ्य शिविरों में सहयोग करने और सामाजिक कार्यक्रमों के निमंत्रण बांटने जैसे कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनकी पुरानी ट्रायसिकल लगातार उपयोग और खराब सड़कों के कारण बीच से टूट गई थी। पाइप पतला होने से उसकी मरम्मत संभव नहीं थी।

ट्रायसिकल टूटने के बाद वे नगर निगम और समाज कल्याण विभाग के चक्कर लगाते रहे, लेकिन तीन साल की समय सीमा का हवाला देकर नई ट्रायसिकल देने से मना कर दिया गया। ढाई साल पहले ही उन्हें ट्रायसिकल मिली थी। मजबूरी में वे घुटनों के सहारे चलने को विवश हो गए। अपनी समस्या उन्होंने पूर्व पार्षद अवैश हाशमी को बताई। श्री हाशमी ने जनदर्शन में अधिकारियों से मुलाकात कर मामला रखा। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा और सांसद भोजराज नाग के संज्ञान में मामला आते ही त्वरित कार्रवाई हुई और शिव कुमार को नई ट्रायसिकल प्रदान की गई। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया

# छिपली तालाब के गहरीकरण कार्य पर उठे सवाल, जेसीबी से निकली मिट्टी बाहर जा रही

■ ग्रामीणों ने कहा- मिट्टी का उपयोग तालाब की मेड़ को मजबूत बनाने में किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम छिपली में इन दिनों तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कार्य के तहत जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई कर मिट्टी निकाली जा रही है। हालांकि इस कार्य को लेकर कुछ ग्रामीणों में चर्चा और सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार मौके पर मौजूद ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर बताया गया कि तालाब से निकाली गई मिट्टी को नगरी नगर की ओर ले जाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर तालाब की मेड़ को देखने पर वह कई स्थानों पर सपाट दिखाई दे रहा है, जहां मिट्टी की आवश्यकता दिखाई दी जा रही है।

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यदि निकाली गई मिट्टी को तालाब की मेड़ को मजबूत करने में उपयोग किया जाए तो आने-जाने वाले लोगों को भी सुविधा मिल सकती है और तालाब की संरचना भी सुदृढ़ होगी।

कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि मिट्टी को तालाब परिसर में उपयोग करने के बजाय एक व्यक्ति के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है निकाली गई मिट्टी का उपयोग नियमानुसार तालाब की मेड़ के सुदृढ़ीकरण और जनहित के कार्यों में सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासकीय राशि और संसाधनों का सही उपयोग हो सके। इस संबंध में सरपंच ने बताया कि पंचायत से सहमति मिलने पर मिट्टी निकाली जा रही है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### कैम्पस प्लेसमेंट एवं एप्रेंटिसशिप ड्राइव 20 को

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव (धमतरी) में पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए 20 फरवरी को प्लेसमेंट ड्राइव एवं एप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसमें व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमेन, शीट मैटल, इलेक्ट्रिक मैकेनिक, सीओई आटोमोबाइल एवं सभी इंजीनियरिंग व्यवसाय के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी दसवीं, आईटीआई अंकसूची, आईडी प्रुफ, मूल कापी व छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सुबह 10 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव में उपस्थित होंगे।

### अध्यक्ष 20 फरवरी को लेंगे समीक्षा बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी की अध्यक्षता में 20 फरवरी को दोपहर ढाई बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का विभागवार समीक्षा किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### आमागढ़ में दो दिवसीय देव मेला 19 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ में वार्षिक दो दिवसीय देव मेला का आयोजन 19 व 20 फरवरी को किया जाएगा। मेला आयोजन को लेकर गांव में तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्राम गायता बिसम राम राना ने जानकारी देते हुए बताया कि आमागढ़ देव मेला में आंगा देवता, परगन डोकरा सहित बारह गांवों के देवी-देवता शामिल होते हैं।

सर्व समाज समन्वय महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा पत्र

# डेढ़ दशक पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पहली से आठवीं के शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता को निरस्त कर राष्ट्रीय एकरूप नीति निर्धारण का पत्र प्रधानमंत्री के नाम लिखा गया है। सर्व समाज समय महासभा छत्तीसगढ़ ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को शिक्षकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित करने का अधिकार प्रदान करता है। उक्त प्रावधान के पालन में वर्ष 2010-11 में शिक्षक पात्रता परीक्षा को न्यूनतम योग्यता के रूप में



अधिसूचित किया गया।

महासभा ने कहा है कि 11 फरवरी 2011 से पूर्व कक्षा 5वीं 8 तक के शिक्षक उस समय प्रभावी एवं विधि सम्मत भर्ती नियमों के अनुरूप चयनित एवं नियुक्त किए गए थे। उस समय टेट की अनिवार्यता अस्तित्व में नहीं थी। वर्तमान परिस्थिति में विभिन्न राज्यों में इस विषय को लेकर अलग-अलग व्याख्याएं एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण अपनाए जाने की संभावना बनी हुई है। पूरे भारत में एकरूपता, विश्वास एवं प्रशासनिक संतुलन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट एवं समनवित नीति निर्धारण की आवश्यकता है।

सर्व समाज समन्वय महासभा ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों में 11 फरवरी 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्धारण, इस विषय में एनसीटीई को उपयुक्त परामर्श एवं मार्गदर्शन, 11 फरवरी 2011 से पूर्व नियुक्त कक्षा पहली में आठवी के शिक्षकों पर टेट परीक्षा की अनिवार्यता हटाने, केन्द्र तथा राज्य स्तर पर समन्वित व्यवस्था करने को लेकर पत्राचार किया गया है। कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने के अवसर पर महासभा अध्यक्ष पदमनी चन्द्राकर, संयोजक दिलीप पटेल, सचिव चन्द्रकला पटेल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# अब शहर के प्रमुख चौक-चौराहों की तीसरी आंख से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- 18 सीसीटीवी कैमरे सुधार के बाद हुए सक्रिय

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा मद से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे 18 सीसीटीवी कैमरों को मरम्मत के बाद सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस अब तीसरी आंख की मदद से शहर की निगरानी करेगी।

कलेक्ट्रेट के डीएमएफ मद से वर्ष 2022 में धमतरी शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए थे। समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण अधिकांश कैमरे लगभग डेढ़ वर्ष से बंद पड़े थे जिससे निगरानी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में यातायात डीएसपी एवं यातायात प्रभारी द्वारा त्वरित पहल करते हुए सड़क सुरक्षा मद से



**शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी**

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में कचहरी ढलान, चमेली चौक, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, सिहावा चौक, अम्बेडकर चौक में लगे सीसीटीवी कैमरों को सुधारा गया है। इन कैमरों के सक्रिय हो जाने से शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा अपराध एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभारी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

आवश्यक सुधार कार्य कराकर 18 सीसीटीवी कैमरों को दोबारा चालू कराया गया है। अब कैमरों के माध्यम से पुलिस संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर सतत निगरानी रख सकेगी। पुलिस ने अन्य नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित व व्यवस्थित शहर निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

# सामाजिक भवन के शिखरधार का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार

- ब्राम्हण समाज की बैठक में जीर्णोद्धार और संगठनात्मक निर्णयों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ब्राम्हण समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष राकेश दीवान की अध्यक्षता में राम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में आमातालाब रोड स्थित सामाजिक भवन के शिखरधार (ऊपरी संरचना) के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए रोहिताश मिश्र को संयोजक नियुक्त करते हुए अशोक मिश्र, मुकेश पांडे, अंबरीश जोशी, भूपेन्द्र मिश्र ,विद्या शंकर दीवान एवं अनूप मिश्र को समिति सदस्य बनाया गया। पुरानी समिति से समाज भवन के विधिवत हस्तांतरण की जिम्मेदारी भी रोहिताश मिश्र को सौंपी गई। भवन जीर्णोद्धार की प्रक्रिया 8 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन कार्यक्रम के पश्चात प्रारंभ की जाएगी।

इसके अतिरिक्त संगठनात्मक मजबूती के तहत जिले की सभी तहसीलों को उनकी अंश राशि के चेक भी प्रदान किए गए, जिससे समाज की गतिविधियों को और सशक्त किया जा सके। सदस्यों ने एकजुट होकर समाज हित में लिए गए निर्णयों को शीघ्र धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। 2026 का सदस्यता अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के महासचिव विनोद पांडे, कोषाध्यक्ष, लोकेश पांडे, सहसचिव प्रदीप शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, प्रदीप पांडे, अमन पांडे, राकेश तिवारी, एलके द्विवेदी, मदन शर्मा, संतोष दीवान, अजय शर्मा उपस्थित थे।

# मानदेय बढ़ोतरी को लेकर मध्यान्ह भोजन कर्मियों ने बिगुल फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- 28 फरवरी तक गांधी चौक में देंगे धरना

मध्यान्ह भोजन कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार से गांधी चौक में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू से संबद्ध) के बैनरतले चल रहा यह आंदोलन 28 फरवरी तक जारी रहेगा। आंदोलन का मुख्य मुद्दा 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि लागू करने और कलेक्टर दर पर भुगतान सुनिश्चित करने का है। आंदोलन में ललिता साहू, देवबती देवांगन, सावित्री सोनकुंवर, सर्वतिन, अनुसुईया, सरस्वती, देवकी, ममता राजपूत, लक्ष्मी पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

यूनियन की महासचिव ललिता साहू ने कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में कार्यरत रसोइयों एवं सहायिकाओं को मात्र 2000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी का वादा किया गया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ है।



**10 सूत्रीय मांगों पर अड़ी यूनियन**

कर्मियों की प्रमुख मांगों में 1 अप्रैल से 50 प्रतिशत बढ़ोतरी लागू करना, उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार कलेक्टर दर देना, पंजाब की तर्ज पर 12 माह का मानदेय, 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 2 लाख रुपये सम्मान राशि, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता, वर्ष में दो जोड़ी वर्दी और सुव्यवस्थित रसोई घर की सुविधा शामिल है।

**सरकार से शीघ्र निर्णय की मांग**

यूनियन का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा। फिलहाल गांधी चौक में शांतिपूर्ण तरीके से धरना जारी है और कर्मी सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# विवाद के बाद महिला ने जहर सेवन कर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गांव की एक महिला से झगड़ा होने के बाद दूसरी महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा निवासी सुशीला बाई साहू पति यशवंत उम्र 45 वर्ष मजदूरी करती थी। पति राइस मिल में आपरेटर का काम करता है। सोमवार को सुशीला की गांव की रेखाबाई साहू पति रूपेश के साथ किसी बात को लेकर जमकर झगड़ा हुआ था। शाम को पति यशवंत राइस मिल से घर पहुंचा तो सुशीला ने उसे घटना की जानकारी दी। यह सुनकर पति महिलाओं के झगड़े में नहीं फंसने की बात कहते हुए अछोटा मड़ई चला गया। पति के चले जाने के बाद सुशीला ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर भतीजे डालेन्द्र



साहू ने फोन पर अपने बड़े पिता यशवंत को घटना की सूचना दी। जानकारी होते ही यशवंत तत्काल अछोटा से अपने घर लिमतरा पहुंचा जहां उसकी पत्नी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। उसके मुंह से झाग व जहरीली दुर्गन्ध निकल रही थी। महिला को रात्रि में ही बेहोशी की हालत में एम्बुलेंस से तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# सांसद निधि से सशिमं में बनेगा अतिरिक्त कक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- सांसद, महापौर ने किया भूमिपूजन

सरस्वती शिशु मंदिर( आमातालाब) में सांसद निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, अति विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। सरस्वती शिक्षा मंदिर संस्था के प्रदेशिक सचिव लक्ष्मणराव मगर की विशेष उपस्थिति रही।

अतिथियों ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य के शुभारंभ की घोषणा की तथा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पर्याप्त कक्ष, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

लक्ष्मणराव मगर ने कहा कि यह निर्माण कार्य विद्यालय के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल अध्ययन व्यवस्था सुचारू होगी, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन एवं आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# 10वीं के गणित पेपर के साथ सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शुरू

- 3 छात्र अनुपस्थित रहे, जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत जिले में शांतिपूर्ण माहौल में हो गई। मंगलवार को 10वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पंजीकृत 762 परीक्षार्थियों में से 759 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 3 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

जिले के तीन परीक्षा केंद्रों मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल, डीपीएस धमतरी और जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा संपन्न हुई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल में 2 तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।

परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। प्रवेश से पहले विद्यार्थियों की जांच की गई और समय पर परीक्षा शुरू कराई गई।



**कठिन सवालों में उलझे**

परीक्षार्थियों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की शुरुआत गणित विषय से हुई। अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम पर आधारित थे, हालांकि कुछ सवाल ऐसे भी रहे जिन्हें हल करने में छात्रों को थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। परीक्षा केंद्रों में शांत और सुव्यवस्थित वातावरण देखने को मिला।

**आज से 12वीं बोर्ड की परीक्षा**

सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा बुधवार से प्रारंभ होगी। पहले दिन फिजिकल एजुकेशन विषय का पेपर आयोजित किया जाएगा। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखा जा रहा है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने संशोधित राजपत्र पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- एलबी संवर्ग को नुकसान होने की आशंका

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती नियम 13 फरवरी 2026 में आवश्यक संशोधन की मांग की है। उन्होंने शिक्षा मंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित सुझाव में कहा है कि नए राजपत्र में विभागीय शिक्षकों, विशेषकर एलबी संवर्ग की उपेक्षा की गई है और सीधी भर्ती को प्राथमिकता दी गई है।

संगठन का आरोप है कि राजपत्र के प्राथमिक प्रकाशन के बाद सुझाव और दावा-आपत्ति आमंत्रित नहीं किए गए तथा सीधे लागू किया जाना शिक्षा विभाग के लगभग दो लाख कर्मचारियों के





साथ अन्याय है। संजय शर्मा ने कहा कि अधिकांश विभाग अपने अनुभवी कर्मचारियों को पदोन्नति व प्रतिनियुक्ति में प्राथमिकता देते हैं, जबकि शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुभवी व दक्ष शिक्षकों को पदोन्नति के अवसरों से वंचित किया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र परिक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रतिनिधि बी. यदु, जिला सचिव बलराम तारम, जिला उपाध्यक्षगण नंद कुमार साहू, डॉ. गणेश प्रसाद साहू, तीरथ राज अटल, नारद राम बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष गण धमतरी गेवाराम नेताम, नगरी शैलेंद्र कौशल, कुरूद दिनेश कुमार साहू तथा मगरलोड रमेश कुमार यादव सहित पदाधिकारियों ने कहा कि 13 फरवरी 2026 के राजपत्र में पदोन्नति हेतु एलबी संवर्ग के कोटा को समाप्त कर दिया गया है। इससे तात्कालिक पदोन्नति की संभावना प्रभावित होगी।

अनुसूची-2, नियम-6 में प्राचार्य, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक तथा शिक्षक पदों पर पदोन्नति के लिए केवल ई एवं टी संवर्ग का उल्लेख है। एलबी संवर्ग को हटाने से एकीकृत वरिष्ठता सूची बनेगी, जिससे एल बी संवर्ग को पदोन्नति में नुकसान होने की आशंका जताई गई है। संगठन ने राजपत्र में आवश्यक संशोधन कर एबीईओ पद पर शिक्षक पद से पदोन्नति तथा विषयवार पदोन्नति का प्रावधान करने की मांग की है।

# मगरलोड कालेज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण आज

- विधायक अजय चंद्राकर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 18 फरवरी को सुबह 11.30 बजे महाविद्यालय परिसर में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर पूर्व कैबिनेट मंत्री



व कुरूद विधायक होंगे। अध्यक्षता राजेश साहू अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत धमतरी, मीना साहू सभापति जिला पंचायत, लीलेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष, नरेश सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, भवानी यादव पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी, नरेश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी होंगे।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुशांत साहू, लक्ष्मी साहू, टिकेश्वरी साहू थे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू, सचिव उदय गंगोई कोषाध्यक्ष खेमचंद गंजीर, प्राचार्य योगिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच नेहा साहू, लोकेश साहू, बैन, जागेश्वर, पूजा बाई, लीला बाई, चेमन, पन्नालाल, नमिता, गीता, गंगा, मुरली, विष्णुप्रसाद, गंगा, डिम्पल, आशा बाई, दाऊलाल, रूही अंजुम, बिसालिराम, सीताराम, वंदना थे। डॉ. सुशांत साहू ने स्टैमर( हकलाने ) पर जानकारी दी। टिकेश्वरी साहू ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की जितनी है, उतनी ही घर में पालकों की भी होनी चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### मोढ़ महिला ग्रुप ने विशेष बच्चों के संग खेली फूलों की होली

**धमतरी।** गुजराती मोढ़ महिला ग्रुप द्वारा सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों के साथ फूलों की होली खेली। अतिथियों ने बच्चों के साथ प्रेम और अपनत्व के रंग बिखेरे।

मोढ़ महिला ग्रुप की सदस्यों ने बच्चों के साथ होली गीतों पर नृत्य किया और फूलों की होली खेली। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र सत्यांशु दीप को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्पेशल ओलंपिक्स भारत एवं स्पेशल ओलंपिक्स भारत हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में किया गया, जिसमें देश के लगभग 23 राज्यों से 500 से अधिक विशेष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

स्पोर्ट्स एक्सपर्ट रवि जैन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए सत्यांशु दीप ने गोल्ड मेडल लॉन्ग जंप एवं ब्रॉन्ज मेडल 100 मीटर दौड़ में प्राप्त कर विद्यालय, परिवार, जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। मोढ़ ग्रुप की सदस्य श्रीमती अर्चना फौजदार ने कहा कि विशेष बच्चों के साथ त्योहार मनाना सौभाग्य की बात है। ये बच्चे समाज की शक्ति हैं, इन्हें केवल अवसर और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। अमी राठौर ने कहा कि माघ से फागुन का यह समय नवचेतना और उल्लास का प्रतीक है।







